केन्द्रीय विद्यालय संगठन - लखनऊ संभाग
सत्रांत परीक्षा **(2022- 2023)**
कक्षा**- 9** वीं

निर्धारित समय : **3** घंटे विषय **–** हिंदी **(**अ**)**

पूर्णांक **: 80**

सामान्य निर्देश **:**

(1) प्रश्नपत्र दो खंडों हैं – खंड 'अ 'और 'ब' में विभक्त है। वस्तुपरक / बहुविकल्पी और खंड – ब में वस्तुनिष्ठ/ वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) खंड 'अ' में 49 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं , जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के ही उत्तर देने हैं ।

(3) खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(4) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

खंड **'ब' (**वस्तुपरक **/** बहुविकल्पी प्रश्न**)**

प्रश्न **1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए **- (1x 5=5)**

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, बाल- श्रम को इस प्रकार परिभाषित किया गया है: "वह काम जो बच्चों को उनके बचपन, उनकी क्षमता और उनकी गरिमा से वंचित करता है, और जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हानिकारक है ।" एक सामाजिक बुराई के रूप में संदर्भित, भारत में बाल- श्रम एक अनिवार्य मुद्दा है जिससे देश वर्षों से निपट रहा है । लोगों का मानना है कि बाल- श्रम जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का दायित्व सिर्फ सरकार का है । यदि सरकार चाहे तो कानून का पालन न करने वालों एवं कानून भंग करने वालों को सजा देकर बाल- श्रम को समाप्त कर सकती है, किंतु वास्तव में यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि इसे सभी सामाजिक संगठनों, मालिकों और अभिभावकों द्वारा भी समाधित करना चाहिए ।

हमारे घरों में, ढाबों में, होटलों में, खानों, कारखानों में अनेक बाल- श्रमिक मिल जाएँगे, जो कड़ाके की ठंड और तपती धूप की परवाह किए बिना काम करते हैं । विकासशील देशों में गरीबी और उच्च स्तर की बेरोजगारी बाल- श्रम का मुख्य कारण है । बाल मजदूरी इंसानियत के लिए अपराध है जो समाज के लिए श्राप बनती जा रही है तथा जो देश की वृद्धि और विकास में बाधक के रूप में बड़ा मुद्दा है । हमें सोचना होगा कि सभ्य समाज में यह अभिशाप क्यों मौजूद है ? जिस उम्र में बच्चों को सही शिक्षा मिलनी चाहिए, खेलकूद के माध्यम से अपने मस्तिष्क का विकास करना चाहिए, उस उम्र में बच्चों से काम करवाने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास रुक जाता है । शिक्षा का अधिकार मूल अधिकार होता है । शिक्षा से किसी भी बच्चे को वंचित रखना अपराध माना जाता है । आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकारी स्तर से लेकर व्यक्तिगत स्तर तक सभी लोग इसके प्रति सजग रहें और बाल- श्रम के कारण बच्चों का बचपन न छिन जाए, इसके लिए कुछ सार्थक पहल करें । आम आदमी को भी बाल मजदूरी के विषय में जागरूक होना चाहिए और अपने समाज में इसे होने से रोकना चाहिए । बाल- श्रम को खत्म करना केवल सरकार का ही कर्तव्य नहीं है । हमारा भी कर्तव्य है कि हम इस अभियान में सरकार का पूरा साथ दें ।

**(i)** गद्यांश के आधार पर बताइए कि बाल**-** श्रम जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए लोगों की सोच क्या है **?**

(1) बाल- श्रम को समाप्त करना केवल समाजसेवी संस्थाओं का दायित्व है ।
(2) बाल- श्रम को समाप्त करना केवल जनता का दायित्व है ।
(3) बाल- श्रम को समाप्त करना केवल सरकार का दायित्व है ।
(4) बाल- श्रम को समाप्त करना केवल अभिभावकों का दायित्व है ।

**(ii)** घरों में**,** ढाबों में**,** होटलों में**,** खानों**,** कारखानों में अनेक बाल**-** श्रमिकों को काम करता देखकर भी हम उदासीन रहते हैं**,** क्योंकि**.....**

(1) हम सिर्फ अपने बारे में ही सोचते हैं ।
(2) हम जागरूक बनना नहीं चाहते ।
(3) हम उनकी सहायता करना नहीं चाहते ।
(4) हम संवेदना शून्य हो चुके हैं ।

**(iii)** गद्यांश में बाल**-** श्रम को रोकने के सार्थक प्रयास के बारे में बताया है । कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए ।

कथन

a) बच्चों का बचपन छिन जाता है ।
b) बाल- श्रम के कारण ही बच्चे जल्दी बड़े हो जाते हैं ।
c) बाल- श्रम के कारण बच्चों को घर पर ही रहना पड़ता है ।
d) यह बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए हानिकारक है ।

(1) कथन a) सही है ।
(2) कथन a) और b) सही है ।
(3) कथन b) और c) सही है ।
(4) कथन a) और d) सही है ।

**(iv)** बच्चों को बाल**-** श्रम के लिए विवश किया जाता है क्योंकि**.......**

(1) जागरूकता का अभाव है ।
(2) निर्धनता और भुखमरी है ।
(3) शिक्षा का अभाव है ।
(4) लोगों की मनोवृत्ति है ।

**(v)** कथन **(A)** और कारण **(R)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए**--**

कथन (A) : बाल- श्रम जैसे सामाजिक अभिशाप से देश को नुकसान होता है ।

कारण (R) : बाल- श्रम से देश का आने वाला कल अंधकार की ओर जाने लगता है ।

(1) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है ।
(2) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं ।
(3) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है ।
(4) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

प्रश्न **2.** निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए **-**
**(1x 5=5)**

*बहुत दिनों के बाद*
*अबकी मैंने जी भर देखी*
*पकी- सुनहली फसलों की मुसकान*
*बहुत दिनों के बाद ।*
*बहुत दिनों के बाद*
*अबकी मैं जी भर सुन पाया*
*धान कूटती किशोरियों की कोकिल कंठी तान*
*बहुत दिनों के बाद ।*
*बहुत दिनों के बाद*
*अबकी मैंने जी भर सूँघे*
*मौलसिरी के ढेर- ढेर से ताजे टटके फूल*

*बहुत दिनों के बाद ।*
*बहुत दिनों के बाद*
*अबकी मैं जी भर छू पाया*
*अपनी गँवई पगडंडी की चंदनवर्णी धूल*
*बहुत दिनों के बाद ।*

**(i)** कवि द्वारा 'बहुत दिनों के बाद' का प्रयोग बार-बार करने का कारण है**--**

कथन को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए**-**

कथन

a) कवि को इन शब्दों से विशेष लगाव होना ।
b) गाँव में घटने वाली घटनाओं का बहुत दिनों बाद होना ।
c) बहुत दिनों बाद कवि को गाँव आने का अवसर मिलना ।
d) कवि द्वारा अधिकांश समय गाँव से दूर रहते हुए भ्रमण में बिताना ।

(1) कथन a) सही है ।
(2) कथन c) और d) सही है ।
(3) कथन b) और c) सही है ।
(4) कथन a) और d) सही है ।

**(ii)** बहुत दिनों के बाद कवि ने क्या देखा **?**

(1) बच्चों की मुसकान
(2) पैसा
(3) सुनहरी फसल
(4) सुंदर सपना

**(iii)** कवि ने जी भरकर क्या सुना **?**

(1) मधुर संगीत
(2) किशोरियों की कोकिल कंठी तान
(3) घर में बच्चों का शोर
(4) पत्नी की मीठी झिड़की

**(iv)** कवि ने किन**-**किन इंद्रियों को तृप्त किया **?**

(1) दृश्य इंद्रिय
(2) श्रव्य इंद्रिय
(3) स्पर्श इंद्रिय
(4) उपर्युक्त सभी

**(v)** कथन **(A)** और कारण **(R)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए**--**

कथन (A) : कवि ने गाँव की धूल को चंदन के रंग वाली कहा है ।

कारण (R) : गाँव में चंदन के पेड़ों की बहुतायत होती है ।

(1) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है ।
(2) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं ।
(3) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है ।
(4) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

अथवा

*मैं बचपन को बुला रही थी बोल उठी बिटिया मेरी ।*
*नंदन वन- सी फूल उठी यह छोटी सी कुटिया मेरी ।।*

*'माँ ओ' कहकर बुला रही थी मिट्टी खाकर आई थी ।*
*कुछ मुँह में कुछ लिए हाथ में मुझे खिलाने लाई थी ।।*

*पुलक रहे थे अंग, दृगों में कौतूहल था छलक रहा ।*
*मुँह पर थी आह्लाद- लालिमा विजय- गर्व था झलक रहा ।।*

*मैंने पूछा "यह क्या लाई ?" बोल उठी वह 'माँ, काओ' ।*
*हुआ प्रफुल्लित हृदय खुशी से मैंने कहा- 'तुम्हीं खाओ' ।।*

*पाया मैंने बचपन फिर से बचपन बेटी बन आया ।*
*उसकी मंजुल मूर्ति देखकर मुझ में नवजीवन आया ।।*

*मैं भी उसके साथ खेलती, खाती हूँ, तुतलाती हूँ ।*
*मिलकर उसके साथ स्वयं मैं भी बच्ची बन जाती हूँ ।।*

*जिसे खोजती थी बरसों से अब जाकर उसको पाया ।*
*भाग गया था मुझे छोड़कर वह बचपन फिर से आया ।।*

**(i)** अपनी बेटी को देखकर कवयित्री की प्रसन्नता के कारण हैं **--** कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए**—**

कथन

a) कवयित्री को अपनी बेटी में अपना बचपन दिखता है ।
b) उनकी बच्ची छोटी है ।
c) उनकी बच्ची और बच्चों से अधिक बुद्धिमान है ।
d) बच्ची की बाल सुलभ चेष्टाएँ उनको आकर्षित करती हैं ।

(1) कथन a) सही है ।
(2) कथन a) और b) सही है ।
(3) कथन b) और c) सही है ।
(4) कथन a) और d) सही है ।

**(ii)** काव्यांश के आधार पर बताइए कि कवयित्री ने अपने बचपन को पुनः पाया**........**

(1) सहेली के रूप में ।
(2) अपनी बिटिया के रूप में ।
(3) बचपन की मधुर स्मृति के रूप में ।
(4) माँ के रूप में ।

**(iii)** कवयित्री की बेटी के चेहरे पर विजय**-** गर्व झलक रहा था**--**

(1) माँ को संग खेलते देखकर ।
(2) माँ के साथ मिट्टी में खेलने के कारण ।
(3) माँ को मिट्टी खिलाने लाने के कारण ।
(4) माँ को प्रसन्न देखकर ।

**(iv)** मिट्टी खिलाने आई बेटी की छवि कैसी थी **?**

(1) उसका शरीर धूल धूसरित था और आँखों में डर था ।
(2) उसका अंग-अंग पुलकित हो रहा था और उसकी भोली आँखों में उत्सुकता छलक रही थी ।
(3) उसकी आँखों में शरारत नज़र आ रही थी ।
(4) उसकी छवि मनमोहक और आकर्षक थी ।

**(v)** कथन **(A)** और कारण **(R)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए**--**

कथन (A) : कवयित्री अपनी बेटी को देखकर अत्यंत प्रसन्न थी ।

कारण (R) : बेटी में कवयित्री का बचपन पुनः आ गया था ।

(1) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है ।
(2) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं ।
(3) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है ।
(4) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

प्रश्न **3.** निर्देशानुसार उपसर्ग एवं प्रत्यय पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए**-** **(1x 4=4)**

**(i)** निम्नलिखित शब्दों में से 'निर्' उपसर्ग से निर्मित शब्द छाँटिए**-**
(1) नियम (3) निपात
(2) निषेध (4) निर्जन

**(ii)** 'स्वागत' शब्द में मूल शब्द होगा**-**
(1) आगत (3) वागत
(2) गत (4) स्वागत

**(iii)** 'मिलावट' शब्द में प्रत्यय होगा**-**
(1) मिल (3) आवट
(2) वट (4) लावट

**(iv)** निम्नलिखित में कौन**-** सा शब्द 'इत' प्रत्यय से निर्मित नहीं है **?**
(1) अंकित (3) समुचित
(2) रचित (4) पुष्पित

**(v)** 'अपमानित' शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय के संयोग का सही विकल्प है**-**
(1) अप+मान+इत (3) अपमान+ नि+त
(2) अपमा+न+इत (4) अप+मा+नित

प्रश्न **4.** निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए**-** **(1x 4=4)**
**(i)** कौन**-** से समास का पूर्व पद संख्यावाची होता है **?**
(1) बहुव्रीहि समास (3) द्वंद्व समास
(2) द्विगु समास (4) तत्पुरुष समास

**(ii)** 'आजीवन' में कौन सा समास है **?**

(1) तत्पुरुष समास
(2) द्विगु समास
(3) अव्ययीभाव समास
(4) बहुव्रीहि समास

**(iii)** निम्नलिखित में से बहुव्रीहि समास का उदाहरण छाँटिए –

(1) खट्टा- मीठा
(2) नीलकंठ
(3) यथाशीघ्र
(4) चौराहा

**(iv)** कौन- से समास के दोनों पदों के बीच उपमान - उपमेय या विशेषण - विशेष्य संबंध होता है **?**

(1) कर्मधारय
(2) तत्पुरुष
(3) बहुव्रीहि
(4) अव्ययीभाव

**(v)** 'हस्तलिखित' में कौन- सा समास है **?**

(1) अव्ययीभाव
(2) बहुव्रीहि
(3) कर्मधारय
(4) तत्पुरुष

प्रश्न **5.** अर्थ की दृष्टि से निम्नलिखित वाक्य किस प्रकार के हैं **? (**किन्हीं चार के उत्तर दीजिए **)**
**(1x 4=4)**

**(i)** आप कहाँ जा रहे हो **?**

(1) इच्छावाचक
(2) प्रश्नवाचक
(3) विधानवाचक
(4) संकेतवाचक

**(ii)** अहा ! कितना सुंदर दृश्य है !

(1) इच्छावाचक
(2) संकेतवाचक
(3) आज्ञावाचक
(4) विस्मयादिवाचक

**(iii)** संभवतः आज शाम को तेज आँधी आएगी ।

(1) संदेहवाचक
(2) निषेधात्मक
(3) इच्छावाचक
(4) आज्ञावाचक

**(iv)** वृक्ष हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं ।

(1) इच्छावाचक
(2) आज्ञावाचक
(3) विधानवाचक
(4) संकेतवाचक

**(v)** वह आज नहीं आएगा ।

(1) इच्छावाचक
(2) संकेतवाचक
(3) आज्ञावाचक
(4) निषेधात्मक

प्रश्न **6.** 'अलंकारों' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
**(1x 4=4)**

**(i)** ***'मुदित महीपति मंदिर आए'*** **-** इस पंक्ति में कौन- सा अलंकार है **?**

(1) उपमा
(2) रूपक
(3) अनुप्रास
(4) यमक

**(ii)** जब काव्य में एक शब्द दो या दो से अधिक बार आता है और प्रत्येक स्थान पर उसका अर्थ भिन्न होता है तब कौन**-** सा अलंकार होगा **?**

(1) उपमा (3) अनुप्रास
(2) रूपक (4) यमक

**(iii)** ***'चरण- कमल बंदौ हरिराई'*** **-** इस पंक्ति में कौन**-** सा अलंकार है **?**

(1) रूपक (3) यमक
(2) अनुप्रास (4) उपमा

**(iv)** निम्नलिखित में से कौन**-** सा 'उपमा अलंकार' का उदहारण है **?**

(1) कल कानन कुंडल मोरपखा, उर पै बनमाल विराजत है ।
(2) काली घटा का घमंड घटा, नभ मण्डल तारक वृंद खिले ।
(3) शशि– मुख पर घूँघट डाले, अंचल में दीप छिपाए ।
(4) यह देखिए, अरविंद- से, शिशुवृंद कैसे सो रहे ।

**(v)** ***'मैया मैं तो चंद्र – खिलौना लैंहों'*** **–** इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है**-**

(1) उपमा (3) अनुप्रास
(2) रूपक (4) यमक

प्रश्न **7.** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए**-** **(1x 5=5)**

मैं समझता हूँ । तुम्हारी अँगुली का इशारा भी समझता हूँ और यह व्यंग्य- मुस्कान भी समझता हूँ। तुम मुझ पर या हमें सभी पर हँस रहे हो, उन पर जो अँगुली छिपाए और तलुआ घिसाए चल रहे हैं, उन पर जो टीले को बरकाकर बाजू से निकल रहे हैं । तुम कह रहे हो- मैंने तो ठोकर मार- मारकर जूता फाड़ लिया, अँगुली बाहर निकल आई, पर पाँव बच रहा और मैं चलता रहा, मगर तुम अँगुली को ढाँकने की चिंता में तलुवे का नाश कर रहे हो । तुम चलोगे कैसे ?

**(i)** इस गद्यांश में 'तुम्हारी' से किसकी ओर संकेत है**?**

(1) गरीब लेखक की ओर (3) लेखक की ओर
(2) प्रेमचंद की ओर (4) सब लेखकों की ओर

**(ii)** प्रेमचंद सब पर क्यों हँसते हैं **?**

(1) सभी अपनी कमजोरियों को ढक रहे हैं (3) सब मक्कार हैं
(2) सब डरपोक हैं (4) सब कष्ट में हैं

**(iii)** टीले को बरकाकर बाजू से निकलने से क्या आशय है **?**

(1) बीच-बचाव करना (3) कुशलतापूर्वक जीना
(2) मुसीबत को टालना (4) संघर्षों से बचना

**(iv)** तलुवे का नाश कौन कर रहा है **?**

(1) प्रेमचंद (3) संघर्षशील लोग
(2) गरीब लेखक (4) संघर्ष से बचने वाले लोग

**(v)** निरंतर चलने के लिए क्या आवश्यक है **?**
(1) जूते का सुंदर होना
(2) जूते के तले का सुरक्षित होना
(3) जूते का ऊपर से फटना
(4) पाँव के तलुवे का सुरक्षित होना

प्रश्न **8.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए**-** **(1x 2=2)**

**(i)** 'ल्हासा की ओर' पाठ के आधार पर बताइए कि तिब्बत में सबसे खतरनाक जगह कौन**-** सी है**?**
(1) कलिंगपौंग
(2) थोङला
(3) नाथूला
(4) डाँड़े

**(ii)** 'उपभोक्तावाद की संस्कृति' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि 'उपभोक्तावाद' शब्द किस संस्कृति से जुड़ा है**?**
(1) सामंती संस्कृति
(2) प्राचीन संस्कृति
(3) आधुनिक संस्कृति
(4) भारतीय संस्कृति

प्रश्न **9.** निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए**-** **(1x 5=5)**

रस्सी कच्चे धागे की, खींच रही मैं नाव ।
जाने कब सुन मेरी पुकार, करें देव भवसागर पार ।
पानी टपके कच्चे सकोरे, व्यर्थ प्रयास हो रहे मेरे ।
जी में उठती रह- रह हूक, घर जाने की चाह है घेरे ।।

**(i)** ***'रस्सी कच्चे धागे की'*** से कवयित्री का क्या आशय है **?**
(1) धागा कच्चा है
(2) धागा कपास का है
(3) साँसें
(4) कमज़ोर साथी

**(ii)** 'नाव' किसे कहा गया है **?**
(1) संसार को
(2) घर- बार को
(3) दौलत को
(4) जीवन को

**(iii)** कवयित्री किसके घर जाना चाहती है **?**
(1) पति के
(2) परमात्मा के
(3) माता- पिता के
(4) प्रेमी के

**(iv)** ललद्यद किस भाषा की कवयित्री हैं **?**
(1) डोगरी
(2) सिंधी
(3) गढ़वाली
(4) कश्मीरी

**(v)** ललद्यद का एक अन्य नाम इनमें से कौन**-** सा नहीं है **?**
(1) ललारिफा
(2) लल्लेश्वरी
(3) लला
(4) लाली

प्रश्न **10.** पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए**-** **(1x 2=2)**

**(i)** ***'हिमकर निराश कर चला'*** में 'हिमकर' कौन है **?** 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर बताइए **–**

(1) अंग्रेज जेलर
(2) जाड़े की रात
(3) चंद्रमा
(4) कवि का साथी

**(ii)** ***'मोको कहाँ ढूँढे बंदे, मैं तो तेरे पास में'*** इस पंक्ति में 'मैं' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है **?** कबीर के 'सबद' के आधार स्पष्ट कीजिए**-**

(1) भगवान के लिए
(2) अहंकार के लिए
(3) कबीर के लिए
(4) मनुष्य के लिए

खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न **11.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग **25 – 30** शब्दों में लिखिए **- (2 x 3=6)**

(1) *'लेकिन औरत जात पर सींग चलाना मना है, यह भूले जाते हो ।'* – हीरा के इस कथन के माध्यम से स्त्री के प्रति प्रेमचंद के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए ।
(2) 'ल्हासा की ओर' यात्रा वृतांत के आधार पर बताइए कि उस समय के तिब्बत में हथियार का क़ानून न रहने के कारण यात्रियों को किस प्रकार का भय बना रहता था ?
(3) किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया ?
(4) 'प्रेमचंद के फटे जूते' व्यंग्य के आधार पर प्रेमचंद की वेशभूषा और रहन- सहन पर प्रकाश डालिए ।

प्रश्न **12.** पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग **25 – 30** शब्दों में लिखिए **- (2 x 3=6)**

(1) कवि रसखान ने ब्रजभूमि के प्रति अपने प्रेम को किस प्रकार प्रकट किया है ?
(2) अर्द्धरात्रि में कोयल की चीख से कवि को क्या अंदेशा है ? 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।
(3) 'ग्राम श्री' कविता में कवि ने गाँव को *'मरकत डिब्बे- सा खुला ग्राम'* क्यों कहा है ?
(4) आपके विचार से बच्चों को काम पर क्यों नहीं भेजा जाना चाहिए ? उन्हें क्या करने के मौके मिलने चाहिए ?

प्रश्न **13.** पूरक पाठ्यपुस्तक 'कृतिका' के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग **50 – 60** शब्दों में लिखिए**-**
**(4 x 2 =8 )**

(1) जब लेखक को यह अहसास हुआ कि उसके इलाके में भी पानी घुसने की संभावना है तो उसने क्या-क्या प्रबंध किए ?
(2) लेखिका मृदुला गर्ग ने अपनी नानी को कभी देखा भी नहीं फिर भी उनके व्यक्तित्व से वे क्यों प्रभावित थीं ?
(3) अपनी बेटी का रिश्ता तय करने के लिए रामस्वरूप उमा से जिस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा कर रहे हैं, वह उचित क्यों नहीं है ?

प्रश्न **14.** निम्नलिखित तीन विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर लगभग **120** शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए**- (6 x1 =6 )**

**(क)** जीवन में अनुशासन का महत्व
संकेत बिंदु

- 'अनुशासन' शब्द का अर्थ

- अनुशासन की आवश्यकता
- अनुशासनहीनता की भावना का बढ़ना चिंताजनक
- कारण एवं निवारण

**(ख)** वर्षा**-** जल संचयन
संकेत बिंदु
- वर्षा- जल संचयन का अर्थ
- जलचक्र क्या है
- जल समस्या
- समाधान

**(ग)** जीवन का कठिन दौर और मानसिक दृढ़ता
संकेत बिंदु
- मानसिक दृढ़ता से मुश्किल हालातों का सामना संभव
- कठिन हालातों से दो-दो हाथ करने की शक्ति
- अनेक संघर्षशील व्यक्तियों के उदहारण
- मानसिक दृढ़ता का संकल्प

प्रश्न **15.** आप अखिलेश कुमार **/** खुशबू तिवारी हैं । आपके क्षेत्र में पानी का एक पाइप टूट गया है जिससे हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है । इस संदर्भ में अधिशासी अभियंता **,** जलापूर्ति विभाग को एक पत्र लिखकर समस्या का समाधान करने का अनुरोध कीजिए । **(5 x1 =5 )**

अथवा

आप विजय सिन्हा **/** अनुरीता सिंह हैं । आपका ए.टी. एम. कार्ड खराब हो जाने के कारण उसे बंद करवाने तथा नया ए.टी. एम. कार्ड जारी करवाने का अनुरोध करते हुए बैंक प्रबंधक को पत्र लिखिए ।

प्रश्न **16.** अपने मनपसंद विषय / शीर्षक पर रचनात्मक सोच के साथ लगभग **100** शब्दों में एक लघुकथा लिखिए । **(5 x1 =5 )**

अथवा

आपने तीन दिन के लिए नैनीताल घूमने की योजना बनाई और ठहरने के लिए होटल बुक करना चाहते हैं । 'लेक व्यू' होटल में ए. सी. डीलक्स कमरे की बुकिंग के लिए लगभग **100** शब्दों में ई**-** मेल लिखिए ।

प्रश्न **17.** वनों की अंधाधुंध कटाई पर चिंता प्रकट करते हुए दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लगभग **80** शब्दों में लिखिए । **(4 x1 =4 )**

अथवा

आपके क्षेत्र में प्रशासन द्वारा फाइलेरिया **(** हाथीपाँव **)** नामक बीमारी की निःशुल्क दवा वितरित करवाई जाएगी। अधिक से अधिक लोगों द्वारा इसका लाभ उठाने को प्रेरित करते हुए इस आशय की सूचना लगभग **80** शब्दों में लिखिए ।